# रोज़मर्रा की चीनी भाषा

# 每日汉语

印地语 03

国家汉办/孔子学院总部
Hanban/Confucius Institute Headquarters

中国国际广播电台
CHINA RADIO INTERNATIONAL

H195.4

中国国际广播出版社

03

# रोज़मर्रा की चीनी भाषा

# 每日汉语

中国国际广播出版社

# 目录 / विषयसूची


第二十五课　问路
पाठ 25　रास्ता पूछना ........ 1

第二十六课　乘汽车
पाठ 26　बस पकड़ना ........ 13

第二十七课　乘出租车
पाठ 27　टैक्सी लेना ........ 25

第二十八课　乘火车
पाठ 28　रेल यात्रा ........ 37

第二十九课　乘飞机
पाठ 29　विमान यात्रा ........ 49

# 目录 / विषयसूची


第三十课　驾车旅行
पाठ 30　कार यात्रा ········ 62


第三十一课　汉语特点简介
पाठ 31　चीनी भाषा की विशेषताओं का संक्षिप्त परिचय ·· 75

第三十二课　在旅行社
पाठ 32　ट्रेवल एजेंसी में ········ 84

第三十三课　在邮局
पाठ 33　डाकघर में ········ 96

# 第二十五课　问路

# पाठ 25　रास्ता पूछना



此为试读，需要完整PDF请访问： www.ertongboo

थांग: यह चाइना रेडियो इंटरनेशनल है। श्रोताओं को श्याओ थांग का प्यार भरा नमस्कार।

राकेश: श्रोताओं को राकेश वत्स का भी नमस्कार।

थांग: 《रोज़मर्रा की चीनी भाषा》 कार्यक्रम सुनने के लिए आप का हार्दिक स्वागत।

राकेश: श्रोताओं आप को याद होगा कि पिछले पाठ में हम ने किताब खरीदने के बारे में बहुत से उपयोगी वाक्य सीखे थे।

थांग: तो आएं पहले हम पिछले पाठ के मुख्य वाक्य दोहराएं, फिर आज का पाठ। पिछले पाठ का पहला वाक्य है: 哪儿有大的书店。

राकेश: 哪儿有大的书店? किताबों की बड़ी दुकान कहां पर है?

थांग: 书店, किताबों की दुकान।

राकेश: 书店。

थांग: 大的书店, किताबों की बड़ी दुकान।

राकेश: 大的书店。

थांग: 我要买本字典。 मैं एक शब्दकोष खरीदना चाहती हूँ।

राकेश: 我要买本字典。

थांग: 字典, शब्दकोष।

राकेश: 字典。

थांग: 我想买本北京导游手册。 मैं पेइचिंग की गाईड पुस्तिका खरीदना चाहती हूँ।

राकेश: 我想买本北京导游手册。

थांग: 导游, गाईड।

राकेश: 导游。

थांग: 手册, पुस्तिका या किताब।

राकेश: 手册。

थांग: 请问英文小说在几层卖? कृपया बताएं, अंग्रेज़ी उपन्यास किस मंज़िल पर बिकता है?

राकेश: 请问英文小说在几层卖?

थांग: 请问, कृपया बताएं।

राकेश: 请问。

थांग: 英文小说, अंग्रेज़ी भाषा का उपन्यास।

राकेश: 英文小说。

थांग: 几层, किस या कौन सी मंज़िल।

राकेश: 几层。

थांग: 卖, बिकना या बेचना।

राकेश: 卖。

थांग: 请问英文小说在几层卖?

राकेश: 请问英文小说在几层卖?

थांग: अब हम पिछले पाठ की सारी बातचीत सुनें।

## 完整对话 पूरी बातचीत

### 对话一 बातचीत एक

ए: 哪儿有大的书店? किताबों की बड़ी दुकान कहां पर है?

बी: 去王府井看看吧, 那儿有个不错的书店。वांगफुचिंग सड़क जाएं। वहां एक बहुत अच्छी किताबों की दुकान है।

## 对话二 बातचीत दो

ए: 我要买本字典。मैं एक शब्दकोष खरीदना चाहती हूँ।

बी: 什么字典? कौन सा शब्दकोष?

ए: 英汉，汉英双向字典。अंग्रेज़ी चीनी और चीनी अंग्रेज़ी।

बी: 还需要什么吗? और क्या चाहिए?

ए: 还要一本汉语成语字典。और चीनी मुहावरा कोष भी चाहिए।

## 对话三 बातचीत तीन

बी: 你好，我想买本北京导游手册。नमस्कार। मैं पेइचिंग गाईड पुस्तिका खरीदना चाहती हूँ।

ए: 那您直接上二层，就在电梯左边。आप सीधे दूसरी मंजिल पर जाएं। वह लिफ्ट के बाईं ओर है।

## 对话四 बातचीत चार

ए: 请问英文小说在几层卖? कृपया बताएं, अंग्रेज़ी उपन्यास किस मंज़िल पर बिकता है?

बी: 在四层。चौथी मंज़िल पर।

थांग: पिछले पाठ के मुख्य वाक्य यहीं तक। तो आइये अब आज के पाठ के मुख्य वाक्य देखें।

## 今日关键 आज के मुख्य वाक्य

Qǐng wèn dì tiě zhàn zài nǎr?
请 问 地铁 站 在 哪 儿?

कृपया बताएं, सबवे स्टेशन कहां पर है?

Lí zhè lǐ yuǎn ma?
离 这 里 远 吗? क्या यहां से दूर है?

Wǒ yīng gāi zuò shén me chē qù?
我 应 该 坐 什 么 车 去?

वहां जाने के लिये मुझे कौन सी बस पकड़नी चाहिए?

Nín děi qù mǎ lù duì miàn zuò chē.
您 得 去 马 路 对 面 坐 车。

आप को सामने की सड़क से बस पकड़नी चाहिये।

राकेश: पेइचिंग आए हुए कई साल हो गए हैं, पर अकसर रास्ता भूल जाता हूँ और दिशा भ्रम हो जाता है। श्याओ थांग जी, क्या आप मुझे चीनी में दिशा बताने वाले वाक्य सिखाएंगी?

थांग: जरूर, क्यों नहीं? अभी शुरू करते हैं।

राकेश: पेइचिंग बहुत बड़ा है। उस की सब से मशहूर सड़क छांगआन सड़क है, जो शहर में पश्चिम से पूर्व तक फैली हुई है। तो पूर्व शब्द को चीनी में कैसे कहा जाता है?

थांग: पूर्व को चीनी भाषा में 东 कहते हैं और बोलचाल में हम अकसर 东边 बोलते हैं। 边 यानि कि दिशा या ओर।

राकेश: 东, 东边 और पश्चिम?

थांग: 西。

राकेश: 西 और 西边 भी कहा जा सकता है न?

थांग: हां, बिलकुल ठीक। और दक्षिण को चीनी में 南 कहा जाता है।

राकेश: 南。

थांग: और उत्तर दिशा को 北 ।

राकेश: 北。

थांग: तो आइये एक साथ अभ्यास करें: 东南西北 ।

राकेश: 东南西北 यानि कि पूर्व, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर। कई बार रात को मैं घर का रास्ता भूल जाता हूँ। लेकिन यदि सबवे स्टेशन पर पहुंच जाऊं, तो मुझे घर का रास्ता मालूम करने में दिक्कत नहीं रहती। इसलिए मैं आप से पूछना चाहता हूँ कि चीनी में सबवे का स्टेशन कहां पर है, कैसे पूछा जाएगा?

थांग: आप कह सकते हैं: 请问地铁站在哪儿?

राकेश: 请问地铁站在哪儿?

थांग: 请问, कृपया बताएं।

राकेश: 请问.

थांग: 地铁, सबवे।

राकेश: 地铁。

थांग: 站, स्टेशन।

राकेश: 站。

थांग: 在, पर।

राकेश: 在。

थांग: 哪儿, कहां।

राकेश: 哪儿。

थांग: 请问地铁站在哪儿? कृपया बताएं, सबवे स्टेशन कहां है?

राकेश: 请问地铁站在哪儿?

थांग: अब हम आज के पाठ की पहली बातचीत सुनें।

## 对话一 बातचीत एक

ए: 请问地铁站在哪儿? कृपया बताएं, सबवे स्टेशन कहां है?

बी: 一直往前走,在前边的路口往左拐。सीधे आगे जाएं, चौराहे पर बाईं तरफ़ मुड़ें।

राकेश: धन्यवाद। और यदि मैं पूछना चाहूँ कि क्या यहां से दूर है, तो इसे चीनी में कैसे कहा जाएगा?

थांग: आप कह सकते हैं: 离这里远吗?

राकेश: 离这里远吗?

थांग: 离, से।

राकेश: 离。

थांग: 这里, यहां।

राकेश: 这里。

थांग: 远, दूर।



此为试读,需要完整PDF请访问: www.ertongbo

राकेश: 远。
थांग: 吗, प्रश्न वाचक शब्द।
राकेश: 吗。
थांग: 离这里远吗? क्या यहां से दूर है?
राकेश: 离这里远吗?
थांग: अब हम आज के पाठ की दूसरी बातचीत सुनें।

## 对话二 बातचीत दो

ए: 离这儿多远呢? क्या यहां से दूर है?
बी: 不太远, 大概走 5 分钟就到了。दूर नहीं है, करीब 5 मिनट का रास्ता है।

राकेश: श्याओ थांग जी, अब यह भी बताएं कि वहां जाने के लिए मुझे कौन सी बस पकड़नी चाहिए? इसे चीनी में किस तरह बोला जाता है?
थांग: आप कह सकते हैं: 我应该坐什么车去?
राकेश: 我应该坐什么车去?
थांग: 我, मैं।
राकेश: 我。
थांग: 应该, चाहिए।
राकेश: 应该.
थांग: 坐 का मूल अर्थ है बैठना। यहां इस का अर्थ है बस पकड़ना।
राकेश: 坐。

थांग: 什么, क्या या कौन सा।

राकेश: 什么。

थांग: 车, गाड़ी या बस।

राकेश: 车。

थांग: 去, जाना।

राकेश: 去。

थांग: 我应该坐什么车去? वहां जाने के लिए मुझे कौन सी बस पकड़नी चाहिए?

राकेश: 我应该坐什么车去?

थांग: अब हम आज के पाठ की तीसरी बातचीत सुनें।

## 对话三 बातचीत तीन

ए: 我应该坐什么车去? वहां जाने के लिए मुझे कौन सी बस पकड़नी चाहिए?

बी: 您得去马路对面坐车。आप को सामने की सड़क से बस पकड़नी चाहिए।

ए: 我明白了。谢谢。समझ गई। शुक्रिया।

राकेश: हां, एक सहृदय महिला ने मुझे रास्ता बताया है। उन्होंने कहा कि मुझे सामने की सड़क से बस पकड़नी चाहिए।

थांग: समझ गयी। उन्होंने कहा होगा: 您得去马路对面坐车。

राकेश: 您得去马路对面坐车。

थांग: 您, 你 का सम्मान सूचक संबोधन यानी आप।

राकेश: 您。

थांग: 得, चाहिए या होगा।

राकेश: 得。

थांग: 去, जाना।

राकेश: 去。

थांग: 马路, सड़क या मार्ग।

राकेश: 马路。

थांग: 对面, सामने।

राकेश: 对面。

थांग: 坐车, गाड़ी पर सवार होना या बस पकड़ना।

राकेश: 坐车。

थांग: 您得去马路对面坐车。आप को सामने की सड़क से बस पकड़नी चाहिए।

राकेश: 您得去马路对面坐车。

थांग: अच्छा दोस्तो, अब हम आज के पाठ की सारी बातचीत एक बार फिर सुनें।

## 完整对话 पूरी बातचीत

### 对话一 बातचीत एक

ए: 请问地铁站在哪儿? कृपया बताएं, सबवे स्टेशन कहां है?

बी: 一直往前走，在前边的路口往左拐。सीधे आगे जाएं, चौराहे पर बाईं तरफ़ मुड़ें।

## 对话二 बातचीत दो

ए: 离这儿多远呢? क्या यहां से दूर है?

बी: 不太远，大概走 5 分钟就到了。दूर नहीं है, करीब 5 मिनट का रास्ता है।

## 对话三 बातचीत तीन

ए: 我应该坐什么车去? वहां जाने के लिए मुझे कौन सी बस पकड़नी चाहिए?

बी: 您得去马路对面坐车。आप को सामने की सड़क से बस पकड़नी चाहिए।

ए: 我明白了。谢谢。समझ गई। शुक्रिया।

राकेश: दोस्तो, आज का पाठ यहीं तक पूरा हुआ। आशा है कि आप को पढ़ते हुए मज़ा आया होगा। आएं अब वेइतुंग भाई से चीनी संस्कृति के बारे में कुछ जानकारी लें।

## चीनी संस्कृति की जानकारी

मुलाकात के समय अभिवादन करने के तौर तरीकों में चीनी और पश्चिमी लोगों में कोई खास फ़र्क नहीं है। उदाहरणार्थ मिलने पर हम हेलो, नमस्ते बोलते हैं और विदाई के वक्त फिर मिलेंगे बोलते हैं। लेकिन चीन में एक दूसरे का अभिवादन करने में अकसर समय और स्थल की विशेषता पर भी ध्यान

दिया जाता है। मसलन् आप रास्ते में किसी परिचित से मिले तो वह पूछेगा आप कहां जा रहे हैं? क्या आप काम पर जा रहे हैं? क्या खाना खा लिया है? इत्यादि। चीनी लोगों की इस प्रथा से अज्ञात पश्चिमी लोग ऐसा अभिवादन सुन कर जरूर आश्चर्यचकित हुए होंगे। क्योंकि यह सब उन की नज़र में निजी गोपनीयता के सवाल है। अत: एक दूसरे से मिलने पर वे ज्यादातर हाए, हैलो, गुड मर्निंग, हॉउ आर यू बोलते हैं। या भारत में नमस्ते, राम राम, क्या हाल है आदि कहते हैं या मौसम के बारे में बात करते है: आज का मौसम बहुत सुहावना है।

राकेश: अच्छा श्रोता दोस्तो, आज का पाठ अभी यहीं तक समाप्त होता है। हम पहले की ही तरह आप से आज के पाठ पर आधारित एक छोटा सा प्रश्न पूछेंगे। चीनी में "सबवे स्टेशन कहां पर है" कैसे कहा जाएगा?
थांग: यदि आप इस प्रश्न का उत्तर जानते हैं, तो आप ई-मेल के जरिए हमें पर भेज दें। हमारा ई-मेल का पता है hindi@cri.cn। और यदि आप इस पाठ्यक्रम के बारे में और अधिक जानकारी पाना चाहते हैं, तो हमारी वेबसाइट देख सकते हैं। हमारी वेबसाइट का पता है hindi.cri.cn। अच्छा, अब हमें आज्ञा दें, फिर मिलेंगे, नमस्कार।
राकेश: नमस्कार।

# 第二十六课　乘汽车

# पाठ 26　बस पकड़ना




此为试读，需要完整PDF请访问：www.ertongbo